तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी लूणी जोधपुर **राजस्व विविध प्रार्थना पत्र संख्या 52/2025 (2025/151)** **अनवान गोपीलाल वगैरा बनाम राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार लूणी** **प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131, 136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम**	
13-1-2026	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थीगण की खातेदारी, खरीदसुदा, कब्जासुदा कृषि भूमि मौजा ग्राम मोगडा कंला के खसरा नम्बर 121/1 रकबा 0.6575 हैक्टयर आई हुई है। उक्त खसरे पर प्रार्थीगण सयुक्त रूप से कब्जा काश्त कार्य करते आ रहे है अभी हाल में प्रार्थीगण अपने हैन्डीक्राफट व्यवसाय जो जोधपुर मे सयुक्त रूप से चला रहे है, व्यवसाय मे अधिक व्यस्तता के कारण मोगडा कंला में स्थित उक्त कृषि भूमि के तरफ जाना नही हुआ और रेकर्डडेड स्थति को भी नही देख सके। प्रार्थीगण अपनी उक्त कृषि भूमि कि जमाबन्दी व ई–नक्शा कि प्रति लेने ई–मित्र पर गये, जब ई–मित्र से जमाबन्दी व ई–नक्शा प्राप्त किया तो प्रार्थीगण को अपनी मोगडा कंला स्थित कृषि भूमि की मौका स्थिति व रेकर्ड कुल अलग–थलग दर्शाये प्रतीत हुये। उक्त खसरे मे जाने के लिये मुख्य सडक (जोधपुर से पाली रोड) से लगता रास्ता जो राज्य सरकार को समर्पित भुमि है, दर्शाया हुआ नजर नही आता है। प्रार्थीगण ने पटवारी से सम्पर्क किया जो बताया कि कम्प्युटराईज ऑनलाईन प्रकिया से तरमीम करने पर कम्प्युटर कि त्रूटि के कारण रेकर्ड इधर उधर हो गया है। खसरा सं. 121/1 जो कि प्रार्थीगण ने जरिये बेचान नामाजो उप पंजीयन लूणी के दिनांक 08.10.2002 को मूल खसरा सं. 121 रकबा 12 बीघा 7 बिस्वा में से 4 बीघा रजिस्ट्रर्ड खरीद किया गया उक्त रजिस्ट्रर्ड बेचान नामे मे अडौस पडौस भी खोले गये है, जिसमे पूर्व दिशा में 20 फुट रास्ता खसरा सं. 121/1 को चिपता है दर्शाया गया है। प्रार्थीगण उक्त खसरे मे जाने के लिये जिस रास्ते का उपयोग किया जाता रहा है उस रास्ते का तहसीलदार लूणी के कार्याय में समर्पणनामा क्रमांक/राजस्व/भुमि/समर्पण/2002/294 दिनांक 03.03.2003 के द्वारा राजस्थान सरकार को सार्वजनिक रूप से रास्ते के लिये राज्य पक्ष मे समर्पित किया गया है। जो रेकर्ड मे अमल दरामद है। प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर ग्राम मोगडा कंला के खसरा संख्या 121/1 मे आने जाने हेतु जिस समर्पित रास्ते कि ऑन लाईन तरमीम अशुद्वि हुई है, उन्हे पुनः तरमीम शुद्व कर रेकर्ड में दर्ज करने का निवेदन किया है। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया गया। तहसीलदार लूणी को जांच रिपोर्ट हेतु तहरीर जारी की गई। तहसीलदार लूणी ने जांच रिपोर्ट में बताया कि मोगडा के खसरा संख्या 121/1 रकबा 0.6475 है. गोपीलाल पुत्र पोलाराम 1/2 श्यामलाल पुत्र पोलाराम 1/2 जाति सुथार सा. देह खातेदार दर्ज है। ग्राम मोगडा कंला के खसरा संख्या 122/5 रकबा 0.0101 है. समर्पित भूमि राज. सरकार के नाम 1 नं खाते में दर्ज है उक्त समर्पित भूमि का इन्द्राज ग्राम मोगडा कंला के नामा. सं. 846 के जरिये राजस्व रेकर्ड में हुआ। लट्ठा नक्शा ट्रेस में उक्त समर्पित रास्ते की तरमीम का लाल स्याही से स्पष्ट अंकन नहीं है। नामा. सं. 846 की पुश्त के पीछे नजरी नक्शे का अंकन किया गया है। वर्तमान ऑनलाईन भू नक्शा एवं नामा. की पुश्त पर अंकित नजरी नक्शे में अंतर है वर्तमान भू नक्शा तरमीम को नामा. पुश्त पर अंकित नजरी नक्शे अनुसार दुरूस्त किया जाना उचित बताया है। अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131, 136 भू राजस्व अधिनियम का प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य प्रतीत होने से स्वीकार किया जाता है। तथा तहसीलदार लूणी की रिपोर्ट अनुसार ग्राम ग्राम मोगडा कंला के खसरा संख्या 121/1 की अशुद्व तरमीम प्रस्तावित अनुसार शुद्व किये जाने के आदेश तहसीलदार लूणी को आदेश दिये जाते है। पटवारी रिपोर्ट इस आदेश का अंग सुमार हो। आदेश सुनाया गया। पत्रावली फैशल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी लूणी	